उ0 प्र0 लघु उद्योग निगम लि0

(उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिष्ठान)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्षेत्रीय कार्यालय : जिला उद्योग केन्द्र के पास, 23वीं पी0ए0सी0, मुरादाबाद–244001

U.P. SMALL INDUSTRIES CORPORATION LTD.

(U.P. GOVT. UNDERTAKING)

Near GMDIC (23rd PAC) Moradabad-244001 : moradabadareaoffice@gmail.com

अति अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

निगम के मुरादाबाद स्थित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा विपणन सहायता योजना के अर्न्तगत पंजीकृत लघु औद्योगिक इकाइयों से निम्नलिखित कार्यों हेतु एफ0ओ0आर0 दरें प्राप्त करने हेतु ई–निविदा आहुत की जाती है।

क0 सं0	कार्य का विवरण	निविदा मूल्य	धरोहर धनराशि	अनुमानित कार्य मूल्य	निविदा खुलने की तिथि
1	मा0 सांसद मुरादाबाद श्री एस0टी0 हसन जी द्वारा प्रस्तावित मुरादाबाद के विभिन्न निर्दिष्ट स्थलों पर अधिष्ठापन कार्य का आदेश प्राप्त होने की प्रत्याशा में 13 नग 6x140–150 वाट एल.ई.डी. हाईमास्ट लाईटों के अधिष्ठापन हेतु निविदा आमंत्रण	रू0 1000+ 18% जी.एस.टी. अति0	19000 /–	18.430 लाख	05/03/2024

उपरोक्त कार्य हेतु प्रेषित दरें एक वर्ष अथवा कार्यावधि तक के लिये वैध होंगी। कोई भी इकाई जो निगम की विपणन सहायता योजना में निविदा आहुत किये जाने की तिथि तक उक्त कार्य हेतु पंजीकृत है, वो निविदा में भाग ले सकती है। उक्त निविदा की सूचना निगम की WEBSITE www.upsic.in पर भी उपलब्ध है।

उक्त कार्य करने हेतु इच्छुक इकाईयाँ को सूचित किया जाता है कि कार्य का विस्तृत विवरण निविदा के नियम एवं शर्त सहित सम्बन्धित कार्य का निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की ई–प्रक्योरमेन्ट वेबसाइट etender.up.nic.in से दिनांक 28/02/2024 से डाउनलोड किये जा सकते है। निविदा फार्म हेतु निर्धारित शुल्क एवं धरोहर धनराशि समस्त निविदा प्रपत्रों सहित निविदा खुलने से पूर्व निगम में जमा किया जाना आवश्यक होगा। जोकि **RTGS/NEFT के माध्यम से भी निगम के एक्सिस बैंक, पीलीकोठी, मुरादाबाद स्थित बैंक खाता सं0 917010063058738 (IFS Code UTIB0000282)** में भी जमा की जा सकती है। उक्त निविदायें दिनॉक 05/03/2024 को अपरान्ह 02.00 बजे तक etender.up.nic.in पर ही आनलाईन डाली जा सकेंगीं एवं उसी दिन दिनॉक 05 मार्च 2024 को ही अपरान्ह 3.00 बजे निगम की गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष निगम के क्षेत्रीय कार्यालय, निकट जिला उद्योग केन्द्र,(23 वीं पी.ए.सी. बटालियन के पास), मुरादाबाद पर खोली जायेंगी।

समस्त आमत्रिंत निविदाओं को पूर्ण या आशिंक रूप से स्वीकार/अस्वीकार अथवा निरस्त करने का सर्वाधिकार निगम के पास पूर्णतयाः सुरक्षित है।

क्षेत्रीय प्रबन्धक (मुरादाबाद)

पत्र सं0 3104 /उपसिक/क्षे0का0(मुरादाबाद)/2023–24 दिनांक : फरवरी 27, 2024

प्रतिलिपिः–

1– क्षेत्रीय प्रबन्धक, कानपुर/लखनऊ/प्रयागराज/आगरा/गाजियाबाद/गोरखपुर/बांदा को सूचनार्थ प्रेषित।

2– विभागीय प्रबन्धक, विपणन, मुख्यालय कानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

3– प्रभारी कम्प्यूटर अनुभाग, मुख्यालय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त निविदा निगम की वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु सम्बन्धित सहायक को निर्देशित करने का कष्ट करें।

4– सूचना पट्ट क्षेत्रीय कार्यालय, मुरादाबाद।

क्षेत्रीय प्रबन्धक (मुरादाबाद)